डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : प्रशा0/297/2024 दिनांक : 21/जून/2024

(शीर्ष प्राथमिकता)

सेवा में,

सचिव/प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषयः **शैक्षणिक सत्र 2024–25 से 'समर्थ' ई०आर०पी० के क्रियान्वन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक उ०प्र० शासन के उच्च शिक्षा अनुभाग–३. लखनऊ का आदेश पत्र संख्या 1408/सत्तर–3–2024 दिनांक 19 जून, 2024 के द्वारा निर्देशित किया गया है कि विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को 'समर्थ' ई०आर०पी० पोर्टल की भौतिक रूप से जानकारी प्रदान करने हेतु ओरिएन्टशन कार्यक्रम एक सप्ताह के अर्न्तगत अयोजित कर प्रगति आख्या मा० कुलाधिपति सचिवालय एवं शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त के अनुपालन में समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य अपने महाविद्यालय के एक प्राध्यापक को 'समर्थ' ई०आर०पी० का नोडल अधिकारी एंव एक कम्प्यूटर ऑपरेटर नामित कर, सूचना विश्वविद्यालय को तत्काल उपलब्ध करायें।

'समर्थ' ई०आर०पी० कार्यक्रम के भौतिक क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 25.06.2024 को ऑरिएन्टेशन कार्यक्रम स्वामी विवेकानन्द परिसर, खन्दारी, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में निम्नानुसार आयोजित होगाः–

1. आगरा व मैनपुरी के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयः समय 10.00 बजे से 1:00 बजे तक।
2. फिरोजाबाद व मथुरा के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयः समय 02.00 बजे से 05:00 बजे तक।

महाविद्यालयों के प्राचाय/प्राचार्या शीर्ष प्राथमिकता पर अपने साथ नामित अपने महाविद्यालय के 'समर्थ' ई०आर०पी० नोडल अधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें जिससे 'समर्थ' ई०आर०पी० क्रियान्वयन की कार्यवाही आख्या समयान्तर्गत मा० कुलाधिपति सचिवालय एवं उ०प्र० शासन को उपलब्ध करायी।

कुलसचिव

प्रतिलिपि : **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा।
3. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, स0नोडल अधिकारी, समर्थ को इस निर्देश के साथ कि उक्त ऑरिऐन्टेशन कार्यकम को सम्पन्न करायें।
4. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर यथास्थान पर प्रचारित प्रसारित करने का कष्ट करें ।
5. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
6. उपकुलसचिव, सम्बद्धता।
7. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि इसे छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करे।
8. गार्ड फाइल।

कुलसचिव